


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 21 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 154 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# ट्रेड डील में कुछ नहीं बदलेगा

## पहले से तय समझौते पर ही बात आगे बढ़ेगी



● भारत के साथ होने जा रहे समझौते पर कोई असर नहीं पड़ेगा

● 23 फरवरी को फाइनल होगा कानूनी ड्राफ्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ रद्द करने के फैसले और ट्रम्प के दोबारा नए टैरिफ के ऐलान के बाद भारत-यूएस ट्रेड डील पहले की तरह रहेगी। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि, भारत के साथ होने जा रहे समझौते पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगा। दरअसल शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ रद्द करने के फैसले के 3 घंटे के अंदर डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनियाभर पर 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ लगा दिया। भारत के साथ डील में यह अतिरिक्त टैरिफ शामिल होगा, या पहले से तय 18 प्रतिशत में ही एडजस्ट किया जाएगा। इस पर ट्रम्प ने कोई बयान नहीं दिया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय संघ सहित अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब धारा 122 के तहत वैश्विक 10 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा, न कि उस टैरिफ दर का जिस पर उन्होंने पहले बातचीत की थी। इससे भारत पर कुल टैरिफ 18 प्रतिशत घटकर 10 प्रतिशत रह जाएगा। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिका के साथ 'अंतरिम व्यापार समझौता' फरवरी के अंत तक फाइनल हो जाएगा। मार्च में इस पर हस्ताक्षर होंगे, वहीं अप्रैल से ये समझौता पूरी तरह लागू हो जाएगा। इसके साथ ही आने वाले कुछ महीनों में भारत दुनिया के बड़े देशों साथ व्यापारिक समझौतों पर अंतिम मुहर लगाएगा। अप्रैल में ब्रिटेन और ओमान के साथ भी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट शुरू होने की उम्मीद है। 23 फरवरी से भारत और अमेरिका के अधिकारी अमेरिका में तीन दिनों की अहम बैठक करेंगे। इस बैठक का मकसद 7 फरवरी को जारी 'जॉइंट स्टेटमेंट' के आधार पर कानूनी ड्राफ्ट तैयार करना है। वाणिज्य मंत्रालय के चीफ नेगोशिएटर दर्पण जैन भारतीय डेलिगेशन का नेतृत्व करेंगे। उम्मीद है कि टैक्स में 25 प्रतिशत से 18 प्रतिशत की कमी का आधिकारिक आदेश इसी हफ्ते या अगले हफ्ते तक आ जाएगा। इससे भारत के कपड़ा, चमड़ा और जेम्स-ज्वैलरी जैसे सेक्टर को सीधा फायदा होगा। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 7 फरवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के साथ ट्रेड डील की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है। पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड (GM) फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा-यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपए) के बाजार को खोलेगा।

## दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट, धमाके की साजिश रच रहा लश्कर-ए-तैयबा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट जारी हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट मिला है कि लश्कर-ए-तैयबा लाल किला के सामने धमाके की साजिश रच रहा है। वहीं, अलर्ट के बाद दिल्ली पुलिस हरकत में आ गई है और लाल किला समेत मंदिरों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। इनपुट मिला है कि लश्कर-ए-तैयबा भारत की राजधानी दिल्ली में हमले की साजिश रच रहा है। बताया जा रहा कि चांदनी चौक के पास स्थित मंदिर समेत देश कई धार्मिक स्थल आतंकियों के निशाने पर है। बता दें कि दिल्ली में पिछले साल ही 10 नवंबर 2025 को लाल किला के पास आतंकी ब्लास्ट हुआ था, जिसमें 10 से ज्यादा लोग मारे गए थे। इस आतंकी हमले में 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

## बारामूला के बाद अब गांदरबल में मिला IED, मौके पर बम निरोधक दस्ता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। जवानों ने समय रहते गांदरबल के सफापोरा सड़क पर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का पता लगाया है। सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया है। आईईडी को निष्क्रिय किया जा रहा है। इसके साथ ही सुरक्षाबलों ने बड़े आतंकी हमले की साजिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षा अधिकारियों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। उन्होंने बताया कि गांदरबल-सफापोरा सड़क पर एक संदिग्ध आईईडी का पता चला है। सुरक्षाबलों ने तुरंत सड़क पर यातायात को रोक दिया है। जानकारी के अनुसार, यह एक आईईडी था, जिसे किसी बड़ी आतंकी साजिश के तहत प्लांट किया गया था।

## आरएसएस मानहानि मामले में भिवंडी अदालत में पेश हुए राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को 2014 के आरएसएस मानहानि मामले के सिलसिले में भिवंडी अतिरिक्त सत्र न्यायालय में पेश हुए। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन के बाद, जिन्होंने पहले उनके जमानती के रूप में काम किया था, गांधी ने अपनी जमानत के लिए नए जमानती पेश किए। राहुल गांधी के वकील नारायण अय्यर ने बताया कि यह भिवंडी के एक आरएसएस कार्यकर्ता द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि का मामला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूल जमानती, पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन हो गया है, जिसके कारण नए जमानती की आवश्यकता पड़ी। वकील ने बताया कि उचित समय पर साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे और न्यायालय ने सुनवाई मार्च में निर्धारित की है।

## भिवंडी में राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के बाहर नारेबाजी

● सूरत में फूंका गया कांग्रेस का पुतला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के एआई समिट में हंगामा करने के विरोध में भाजपा शनिवार को दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात और जम्मू-कश्मीर में प्रदर्शन कर रही है। दिल्ली में कांग्रेस कार्यालय के बाहर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता 'कांग्रेस+राहुल गांधी गद्दार', 'देशद्रोही राहुल गांधी माफी मांगे' के पोस्ट लेकर विरोध कर रहे हैं। उधर, मुंबई के मुलुंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के काफिले को काले झंडे दिखाए। वे यहां से भिवंडी जा रहे थे। 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान RSS पर की गई विवादित टिप्पणी के मामले में भिवंडी कोर्ट में शनिवार को उनकी पेशी थी। गुजरात के सूरत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस का पुतला जलाया। जम्मू-कश्मीर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया।

## समिट की घटना से नाराज मायावती ने कांग्रेसियों को लिया आड़े हाथ



**लखनऊ।** नई दिल्ली में शुक्रवार को एआई इम्पैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के अर्द्धनग्न प्रदर्शन पर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने बेहद नाराजगी जताई है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं इस कृत्य की निंदा भी की है। बसपा मुखिया मायावती ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में देश और विदेश के भी काफी प्रमुख लोग आमंत्रित थे। यह इवेन्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में था, इस दौरान जिन भी लोगों ने अर्द्धनग्न होकर अपना रोष प्रकट किया है जिसमें अधिकतर कांग्रेसी युवा बताये जा रहे हैं, वह अति-अशोभनीय व निन्दनीय है।

## गुयाना के उपराष्ट्रपति पहुंचे अयोध्या, रामलला के किए दर्शन


**अयोध्या।** भारत और गुयाना के सांस्कृतिक रिश्तों के बीच एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ने जा रही है। दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना के उप राष्ट्रपति डॉ. भरत जगदेव शनिवार सुबह अयोध्या पहुंचें। उनका निजी विमान सुबह 9:40 बजे वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर उतरा। एयरपोर्ट पर औपचारिक स्वागत के बाद उप राष्ट्रपति सड़क मार्ग से सीधे राम मंदिर परिसर के लिए रवाना हुए। वे करीब 11:15 बजे राम मंदिर परिसर पहुंचे। उन्होंने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई है। वे मंदिर निर्माण कार्यों का अवलोकन भी करेंगे। डॉ. जगदेव लगभग तीन घंटे तक राम जन्मभूमि परिसर में रहेंगे।

## श्रीनगर में बस नहर में गिरी, सात जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के बाहरी इलाके में शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां डगपोरा के अंतर्गत अहमद नगर रोड पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) का एक बुलेटप्रूफ बंकर वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। इस दुर्घटना में सीआरपीएफ के सात जवान घायल हो गए अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब सीआरपीएफ का वाहन डगपोरा रोड से गुजर रहा था। अचानक चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण बुलेटप्रूफ बंकर सड़क से फिसलकर सीधे साथ लगती नहर में पलट गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन ने बचाव कार्य शुरू किया।

## शादी में गयी बच्ची से रेप

● वैंकट हॉल से 200 मीटर दूर खून से लथपथ पड़ी पायी गयी मासूम



**जंगल कौड़िया (गोरखपुर)।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के जंगल कौड़िया चौकी अंतर्गत एक शादी समारोह के दौरान आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बीती रात हुई इस घटना में बच्ची गंभीर रूप से घायल मिली, जिसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। समारोह स्थल से करीब दो सौ मीटर दूर बच्ची खून से लथपथ अचेत अवस्था में मिली। परिजनों ने उसे तत्काल जंगल कौड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही शनिवार सुबह सीओ अनुराग सिंह और पीपीगंज पुलिस टीम फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची।

## सुपर-8 के पहले मैच में बड़े बदलाव कर सकती टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने भारतीय टीम की टेंशन बढ़ा रखी है। टीम इंडिया भले ही अब तक सभी मैच जीती हो पर सुपर-8 से पहले टीम को कुछ बदलाव करने होंगे। अभिषेक का इस टूर्नामेंट में अब तक खाता नहीं खुल पाया है। उन्होंने 3 मैच खेले हैं और सभी में बिना कोई रन बनाए पवेलियन लौटे हैं। ऐसे में उनकी जगह पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हालांकि, गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने कहा कि टीम में अब तक अभिषेक शर्मा के खराब प्रदर्शन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। अभिषेक को बस एक अच्छी शुरुआत की जरूरत है।




# ममता बनर्जी को सुप्रीमकोर्ट से झटका

## वोटर लिस्ट पर अंतिम न्यायपालिका की निगरानी में लगेगी

● बेदाग रिकॉर्ड वाले अधिकारियों को इस काम में लगाया जाएगा



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट से आज ऐसा झटका लगा जिसने चुनाव से पहले पूरी सियासत को हिला दी है। आज सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि एसआईआर पर राज्य सरकार और इलेक्शन कमीशन के बीच चल रहा टकराव बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और अब इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी न्यायिक अधिकारियों की देखरेख में होगी। अदालत नेक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को आदेश दिया कि जिला जज और एडीजे स्तोर के बेदाग रिकॉर्ड वाले अधिकारियों को इस काम में लगाया जाए जो लोगों के दावे और आपत्तियों पर फैसला करेंगे। यानी अब वोटर लिस्ट पर अंतिम मोहर सरकार नहीं न्यायपालिका की निगरानी में लगेगी। तो ये फैसला ममता सरकार के लिए बड़ा चुनावी झटका माना जा रहा है क्योंकि जिस प्रक्रिया पर सत्ता का नियंत्रण माना जा रहा था वही अब कोर्ट की निगरानी में चली गई है। अब साफ संदेश यह है कि बंगाल में अब चुनावी खेल नियमों से होगा ना कि सत्ता की शर्तों पर और यही वजह है कि इस फैसले को दीदी की राजनीति के लिए बड़ा झटका और आने वाले चुनाव का टर्निंग पॉइंट माना जा रहा है।

## समिट में बवाल करने वाले यूथ कांग्रेस नेताओं की कोर्ट में पेशी, पुलिस ने मांगी 5 दिन की रिमांड

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भारत मंडपम में AI समिट में विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए इंडियन यूथ कांग्रेस के चार नेताओं को आज शनिवार को पटियाला हाउस कोर्ट पेश किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान कृष्ण हरि, कुंदन यादव, अजय कुमार और नरसिंह यादव के रूप में हुई है। इस मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने गिरफ्तारी का विरोध करते हुए पुलिस रिमांड की मांग का कड़ा विरोध किया। अदालत में बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि सभी आरोपी विपक्षी राजनीतिक दल से जुड़े कार्यकर्ता हैं और उन्होंने भारत मंडपम के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम : 28.1°C
● तापमान न्यूनतम : 16.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14

वाराणसी, 21 फरवरी, शनिवार, 2026 (3)








बरेका में हैंडबाल प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी व महिला खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते पदाधिकारी। छाया : जनमुख

# सपाइयों का दालमंडी प्रवेश निषेध!

## प्रशासन ने कई नेताओं को घर में ही किया नजरबंद, कुछ रास्ते से उठाए गए

● प्रतिनिधिमंडल अखिलेश यादव को सौंपेगा रिपोर्ट

● कार्रवाई को सपा ने बताया लोकतंत्र की हत्या



**वाराणसी।** सपा का प्रतिनिधि मंडल आज दालमंडी में पीड़ित परिवारों से मिलने वाला था। इसके पहले ही शहर के कई सपा नेताओं के घर पुलिस का पहरा लगा गया। उन्हें हाउस अरेस्ट किया गया है। इसमें सपा नेता सत्यप्रकाश सोनकर के घर लंका पुलिस पहुंची। दालमंडी क्षेत्र का दौरा करने की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस द्वारा पार्टी पदाधिकारियों को हिरासत में सुबह से ही ले लिया गया। सपा नेता समद अंसारी को दालमंडी जाने के दौरान प्रशासन द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया। यह घटना उस समय हुई जब वे दालमंडी के पीड़ितों, भवन स्वामियों, दुकानदारों एवं व्यापारियों से मिलने के लिए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार प्रशासन ने सुबह सात बजे से ही सपा के कई कार्यकर्ताओं को उनके घरों से बाहर निकलने से रोकने के लिए हाउस अरेस्ट किया। लंका पुलिस देर रात सपा नेता अमन यादव के घर भी पहुंची और उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। दालमंडी में स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने वहां जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। सपा के पदाधिकारियों के घरों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। अर्दली बाजार स्थित सपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुजीत यादव को लक्कड़ पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है। इस बीच, सपा के नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद उत्तर प्रदेश, लालबिहारी यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल 21 फरवरी 2026 को दोपहर 2:00 बजे वाराणसी के सर्किट हाउस से दालमंडी के पीड़ितों से मिलने के लिए पहुंचने वाला बताया जा रहा है। यह प्रतिनिधि मंडल दालमंडी में व्यापारियों और दुकानदारों की समस्याओं को सुनकर उनकी रिपोर्ट समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने दालमंडी में पीड़ितों से मिलने और उनका दर्द जानने के लिए पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटेल के नेतृत्व में 11 लोगों का प्रतिनिधि मंडल बनाया है। इसमें पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटेल, स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा, जिलाध्यक्ष सुजीत यादव, प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा रीबू श्रीवास्तव, पूर्व प्रत्याशी अशफाक अहमद डब्लू, पूर्व विधायक समद अंसारी, पूर्व प्रत्याशी पूजा यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, पूर्व महासचिव लालू यादव और दिलशाद अहमद डिल्लू शामिल हैं। समद अंसारी ने कहा कि प्रशासन का यह कदम लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विपक्षी दलों की आवाज को दबाने के लिए इस तरह के कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सपा हमेशा पीड़ितों के साथ खड़ी रहेगी और उनकी समस्याओं को उठाने का कार्य करती रहेगी।

## सरोज बनी रहेगी पैड बैंक प्रबंधक नेहा और सुनीता होंगी सहायक




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सामाजिक आशा ट्रस्ट द्वारा संचालित अध्ययन केंद्र और स्वावलम्बन प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़ी लड़कियां विगत दो वर्षों से पैड बैंक का संचालन करती हैं जिससे लगभग 150 सदस्य जुडी हुयी हैं । बैंक से जुड़ी सदस्यों को वार्षिक मूल्यांकन बैठक का आयोजन आशा ट्रस्ट परिसर में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से बैंक की मुख्य जिम्मेदारी साझा करने के लिए हुए चुनाव में सिलाई प्रशिक्षिका सरोज सिंह को अगले एक वर्ष के लिए दोबारा प्रबंधक चुना गया। उनकी सहायता के लिए नेहा और सुनीता यादव को सहायक प्रबंधक चुना गया।

## मंडलीय अस्पताल में चिकित्सीय निरीक्षण के दौरान नहीं मिली कोई खामी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय में अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा के दिशा निर्देशन के अनुपालन में गठित चिकित्सीय निरीक्षण टीम के डॉ वंदना श्रीवास्तव द्वारा चिकित्सालय का सघन निरीक्षण किया गया जो कि चेक लिस्ट के बिंदुओं पर आधारित था। चिकित्सीय निरीक्षण टीम चिकित्सालय में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं पर संतोष प्रकट किया गया है। इस अवसर पर चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार डॉ एसपी सिंह बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ मृदुला मलिक वरिष्ठ परामर्शदाता अधीक्षक डॉ अभिषेक राय, डॉ सत्येन राय वरिष्ठ परामर्शदाता व चिकित्सक व चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे।

## गवरजा माता उत्सव समिति का चुनाव संपन्न



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** गवरजा माता उत्सव समिति, वाराणसी के वर्ष- 2026 का चुनाव लक्सा स्थित मारवाड़ी युवक संघ में चुनाव अधिकारी द्रय पवन मोदी व शंकरलाल सोमानी की देख रेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष कमल अग्रवाल, मंत्री-राम बुबना, कोषाध्यक्ष-रामलाल चांडक चयनित किए गए। गौरव राठी को एक बार फिर से प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। संस्था के पूर्व अध्यक्ष समिति के पूर्व अध्यक्ष संजीव शाह, उमाशंकर अग्रवाल, दीपक बजाज, गौरीशंकर नेवर ने नए पदाधिकारी को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्रवाई



**वाराणसी।** वाराणसी में तेज आवाज में डीजे बजाने और हाईवे पर जाम लगाने के आरोप में एक डीजे संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शिवपुर थाना क्षेत्र के वाराणसी-बाबतपुर फोरलेन पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि आगे भी इस तरह की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिवपुर थाने की पुलिस गश्त और अतिक्रमण विरोधी अभियान पर निकली थी। पुलिस टीम जब गिलट बाजार तिराहे से तरना ओवरब्रिज की ओर बढ़ रही थी तो कादम्बनी लॉन के पास वाहनों की लंबी कतार और भारी भीड़ दिखाई दी। इस दौरान डीजे पर तेज आवाज में गाने बजाए जा रहे थे।

## 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का शुभारम्भ कल होगा दशाश्वमेध घाट पर

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मानव सेवा और लोक कल्याण की दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने के उद्देश्य से संत निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के अन्तर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का शुभारम्भ कल रविवार, 22 फरवरी को प्रातः 8 बजे तक सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशानुसार समस्त भारत में आयोजित किया गया है। संत निरंकारी मंडल वाराणसी के जोनल इंचार्ज सिद्धार्थ शंकर सिंह ने बताया कि यह अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया है। वाराणसी में नगर निगम के सहयोग से गंगा के 84 घाटों पर हजारों निरंकारी भक्त मिलकर सफाई करेंगे। सफाई अभियान का शुभारम्भ दशाश्वमेध घाट पर होगा।

## भाजपा नेता समेत 9 पर FIR का आदेश

**वाराणसी।** भाजपा नेता ने साथियों के साथ मिलकर दीवानी न्यायालय के कर्मचारी को घर में घुसकर जमकर पीटा। इसके बाद उस पर जानलेवा हमला किया। बीच बचाव करने पहुंची घर की महिलाओं से अश्लीलता की और उन्हें बदनीयती से छुआ। इसके बाद घर में लूटपाट कर नगदी-जेवरात लेकर भाग निकला। कोर्ट ने पीड़ित कर्मचारी की शिकायत पर परिवाद स्वीकार कर लिया और पुलिस को तत्काल केस दर्ज कर एक्शन का आदेश दिया है। कैंट थाना क्षेत्र सिकरौल निवासी दीवानी न्यायालय का कर्मचारी सुरेश सोनकर ने अपने अधिवक्ताओं के जरिए अदालत में बीएनएसएस की धारा 173(4) के तहत प्रार्थना पत्र दिया था।

## सामूहिक विवाह समारोह में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सिगरा स्थित शहीद उद्यान में आयोजित दो दिवसीय मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतिम दिन 59 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। खास बात यह रही कि एक ही परिसर में जहां एक ओर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 24 हिंदू जोड़ों ने अग्नि के समक्ष सात फेरे लिए, तो वहीं दूसरी ओर 34 मुस्लिम जोड़ों ने अपनी रवायतों के अनुसार निकाह कबूल किया। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि सामूहिक विवाह के माध्यम से सरकार ने साबित किया है कि इस कल्याणकारी योजना के तहत सरकार द्वारा प्रति जोड़े पर कुल एक लाख रुपये व्यय किए गए। इसमें कन्या के खाते में सीधे 60 हजार रुपये की सहायता राशि भेजी गई, जबकि 25 हजार रुपये की वैवाहिक उपहार सामग्री प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 15 हजार रुपये प्रति जोड़ा विवाह की भव्य व्यवस्थाओं पर खर्च हुआ।

## संवाद के जरिये समझाया विज्ञान का महत्व



● भंदहा कला ग्राम के आशा लाइब्रेरी में दी गयी अहम जानकारी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा भंदहा कला ग्राम में संचालित आशा लाइब्रेरी में विज्ञान के महत्व पर चर्चा करने के लिए संवाद का आयोजन किया गया । उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय इंग्लैंड में भूगर्भ विज्ञान के प्रवक्ता प्रो पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों के जीवन में विज्ञान जिज्ञासा, तार्किक सोच और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें दुनिया की समझ विकसित करने, व्यावहारिक अनुभव और प्रयोगों के माध्यम से सीखने, और रचनात्मकता के साथ-साथ असफलता से लचीलापन सीखने में मदद करता है। विज्ञान आधुनिक शिक्षा और भविष्य के लिए एक आधारशिला है।

# कल शाम को नहीं आएगा पानी



● भदैनी इन्टेकवेल पर होगी पैनल सर्विसिंग

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जलकल विभाग की ओर से भदैनी स्थित इन्टेकवेल पर बिजली के पैनलों के रखरखाव और सर्विसिंग का कार्य कराया जाना है। इसके चलते 22 फरवरी की शाम को जलकल विभाग, भेलूपुर से होने वाली जलापूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। जलकल विभाग के सचिव के मुताबिक भदैनी इन्टेकवेल में स्थित 33 केवी एवं 11 केवी बिजली पैनलों की सर्विसिंग का कार्य अनिवार्य है। सुचारू विद्युत आपूर्ति और भविष्य में मोटर संचालन में कोई तकनीकी बाधा न आए, इसके लिए यह शटडाउन लिया गया है। इस कार्य के कारण भेलूपुर जल संस्थान से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में शाम के समय नलों से पानी नहीं आएगा।






## विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 को

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव शुक्ला ने चौकाघाट स्थित पद्मविभूषण गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल परिसर में 22 फरवरी को लगने वाले मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाए जाने हेतु मेगा मेला में अपने-अपने विभागीय कार्यक्रमों के जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया।

## सरस मेला का शंखनाद

**वाराणसी।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में रीजनल (राष्ट्रीय स्तर) सरस मेला वाराणसी-2026 का भव्य शुभारम्भ शुक्रवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य एवं जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विख्यात शंख वादक राम जनम योगी द्वारा शंखनाद कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया गया। विभिन्न प्रदेशों के 100 से अधिक स्टाल लगाए गए। जिसमें सिल्क साड़ी, जुट बैग, कालीन, अचार मुरब्बा, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, खाद्य पदार्थ आदि शामिल रहे।

## हैंडबाल प्रतियोगिता में उत्तर रेलवे की जीत

● महिला वर्ग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को मिली कामयाबी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में बरेका खेल संघ के तत्वावधान में बरेका खेलकूद स्टेडियम में आयोजित 18वीं अंतर रेलवे हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेल प्रेमियों को रोमांच, ऊर्जा और जबरदस्त खेल कौशल देखने को मिला। शुक्रवार को प्रातः कालीन सत्र में खेले गए पहले सेमी फाइनल मैच में पुरुष वर्ग में उत्तर रेलवे ने पूर्वोत्तर रेलवे को 21-18 से एवं महिला वर्ग में खेले गए पहले सेमी फाइनल मैच में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पूर्वोत्तर रेलवे को 28-26 से हराया। सायंकालीन सत्र में पुरुष वर्ग में पश्चिम रेलवे ने उत्तर पश्चिम रेलवे को 23- 22 से हराया जबकि महिला वर्ग में दक्षिण मध्य रेलवे ने उत्तर रेलवे को 30- 23 से हराया।


जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ



प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## बॉबी देओल का 'बंदर' अवतार! अनुराग कश्यप की फिल्म का फर्स्ट लुक जारी, इस दिन सिनेमाघरों में देगी दस्तक



अनुराग कश्यप, जो अब फिल्मों में एक्टिंग रोल ढूंढ रहे हैं, ने बंदर को डायरेक्ट करने के बारे में बात की। उन्होंने वैरायटी को बताया, 'यह आइडिया एक सच्ची कहानी से आया था, लेकिन ज़ाहिर है हमें बहुत बारीक लाइनों में काम करना था।

बॉलीवुड के 'लॉर्ड' बॉबी देओल इन दिनों अपने करियर के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रहे हैं। 'एनिमल' की जबरदस्त सफलता के बाद, अब उनकी अगली फिल्म 'बंदर' (Bandar) का फर्स्ट लुक आधिकारिक तौर पर जारी कर दिया गया है। मशहूर निर्देशक अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। अनुराग कश्यप की डायरेक्ट की हुई इस फिल्म की रिलीज़ डेट आखिरकार सामने आ गई है। 50वें टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर के बाद यह फिल्म थिएटर में रिलीज़ होगी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मिलाप ज़वेरी की 'तेरा यार हूँ मैं' से क्लैश करेगी, जिसमें अमन इंद्र कुमार, आकांक्षा शर्मा और परेश रावल हैं।

**बॉबी देओल की नई फिल्म बंदर का फर्स्ट लुक आउट**

बंदर में बॉबी, सान्या मल्होत्रा और सबा आज़ाद जैसे एक्टर्स भी होंगे। यह फिल्म 22 मई को थिएटर में रिलीज़ होगी। फिल्म के पहले ऑफिशियल पोस्टर में बॉबी के चेहरे का क्लोज-अप दिखाया गया था, जो दो दुनियाओं के बीच दिखाया गया था। अनुराग कश्यप, जो अब फिल्मों में एक्टिंग रोल ढूंढ रहे हैं, ने बंदर को डायरेक्ट करने के बारे में बात की। उन्होंने वैरायटी को बताया, 'यह आइडिया एक सच्ची कहानी से आया था, लेकिन ज़ाहिर है हमें बहुत बारीक लाइनों में काम करना था। आपको नहीं पता कि कौन सही है, कौन गलत। नए कानूनों का बहुत ज़्यादा गलत इस्तेमाल हो रहा था, जिसमें एक महिला ने एक वकील और एक पुलिसवाले की मदद से आठ अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में आठ अलग-अलग केस दर्ज किए।' उन्होंने बताया कि फिल्म तब बनी जब प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी ने उन्हें एक असल ज़िंदगी के केस के बारे में एक अखबार का आर्टिकल दिया। द्विवेदी ने आगे कहा, 'एक फिल्ममेकर के तौर पर, अलग-अलग तरह की कहानियाँ मुझे पसंद आती हैं। जितना हो सके, मैं उनके बीच कमर्शियल या ऑफबीट के तौर पर फर्क करने से बचने की कोशिश करता हूँ। यह सब्जेक्ट मुझे बहुत पसंद आया।'

**सनी देओल की गबरू मई में रिलीज़ होगी**

इस बीच, बॉबी के भाई सनी देओल की नई फिल्म, गबरू, 8 मई को रिलीज़ होने वाली है, जैसा कि उसी मीडिया पोर्टल ने बताया है। फिल्म पहले 13 मार्च को रिलीज़ होने वाली थी। सनी और फिल्म की टीम से ऑफिशियल कन्फर्मेशन का इंतज़ार है।



## यश का ख़ूँखार अवतार! 'टॉक्सिक' के टीज़र में दिखा KGF स्टार का रोंगटे खड़े करने वाला कमबैक, ज़बरदस्त मुक्के मारे और खून-खराबा किया

**यश की आने वाली फ़िल्म, टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फ़ॉर ग्रोन-अप्स का टीज़र अब आ गया है। कन्नड़ सुपरस्टार ने ज़बरदस्त एक्शन किया है, जिसमें वह एक डरावने अवतार में मारते, मारते और मुक्के मारते हैं। टॉक्सिक से यश 2022 में KGF 2 के चार साल बाद फ़िल्मों में वापसी कर रहे हैं।**

कन्नड़ सिनेमा के 'रॉकिंग स्टार' यश एक बार फिर बड़े पर्दे पर तबाही मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म '**टॉक्सिकः** ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' (Toxic: A Fairytale for Grown-Ups) का दमदार टीज़र 20 फरवरी 2026 को जारी कर दिया गया है। साल 2022 में आई 'KGF 2' की ऐतिहासिक सफलता के चार साल बाद, यश इस फिल्म के साथ अपनी खौफनाक वापसी कर रहे हैं।

यश की आने वाली फ़िल्म, टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फ़ॉर ग्रोन-अप्स का टीज़र अब आ गया है। कन्नड़ सुपरस्टार ने ज़बरदस्त एक्शन किया है, जिसमें वह एक डरावने अवतार में मारते, मारते और मुक्के मारते हैं। टॉक्सिक से यश 2022 में KGF 2 के चार साल बाद फ़िल्मों में वापसी कर रहे हैं।

**यश का टॉक्सिक का टीज़र अब आ गया है**

टॉक्सिक का टीज़र यश की कुछ धुंधली झलकियों के साथ शुरू होता है। इसके तुरंत बाद, यश को राया के रूप में दिखाया जाता है, जो अपना गुस्सा दिखाता है। टीज़र में 19 मार्च को दर्शकों के लिए रखे गए एक्शन, स्टाइल और खून-खराबे की झलकियाँ हैं।

**टॉक्सिक की कहानी क्या है?**

टॉक्सिक गोवा में सेट है, जो 1940 से 1970 के दशक तक फैली हुई है, और यश के किरदार को दिखाती है जो डर, ताकत और पैसे से एक साम्राज्य बनाने निकलता है।

फिल्म की कहानी में लिखा है, '1940 और 1970 के दशक के बीच गोवा में सेट, टॉक्सिक एक ज़बरदस्त एक्शन-थ्रिलर कहानी है जो जन्नत के नीचे फैली सड़ांध में डूब जाती है। फीकी पड़ती कॉलोनियल परछाइयों और बढ़ते क्राइम सिंडिकेट वाली इस तटीय ज़मीन पर, एक आदमी खून, डर और धोखे से अपना साम्राज्य बनाता है। पावर दी नहीं जाती, छीन ली जाती है, और यह हमेशा चुकाने की मांग करती है। जैसे-जैसे स्मगलिंग के रास्ते लड़ाई के मैदान बनते हैं और वफ़ादारी शक में बदल जाती है, पैरानोइया ज़िंदा रहने का ज़रिया बन जाता है।' फिल्म को गीतू मोहनदास ने डायरेक्ट किया है, जो लायर्स डाइस और मूथॉन जैसी फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। कलाकारों में कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत हैं।

जिन्हें नहीं पता, टॉक्सिक 19 मार्च को आदित्य धर की धुरंधर पार्ट 2 के साथ बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी टक्कर देने वाली है। दोनों फिल्में अपने-अपने कल्ट फैनबेस और बड़ी उम्मीदों के साथ रिलीज़ होंगी। अब देखना है कि दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म करती हैं।

## 'वह मुझे कभी रिश्ते का बोझ महसूस नहीं होने देते', पति मथियास बो पर तापसी पन्नू का खुलासा



तापसी ने कहा, 'उन्होंने मुझे कभी रिश्ते का बोझ महसूस नहीं होने दिया,' यह समझाते हुए कि शादी के बाद भी, कुछ भी बहुत ज़्यादा अलग नहीं लगा। उन्होंने माना, 'मैं लगभग भूल जाती हूँ कि मैं शादीशुदा हूँ,' और कहा कि शादी से पहले उनकी बस यही कंडीशन थी कि सब कुछ पहले जैसा ही रहे।

बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं, और शादी को लेकर उनके हालिया विचार भी उतने ही स्पष्ट और प्रेरणादायी हैं। बातचीत में, तापसी ने खुलासा किया कि उन्होंने पूर्व डेनिश बैडमिंटन चैंपियन मथियास बो को अपना जीवनसाथी क्यों चुना। तापसी ने कहा, 'उन्होंने मुझे कभी रिश्ते का बोझ महसूस नहीं होने दिया,' यह समझाते हुए कि शादी के बाद भी, कुछ भी बहुत ज़्यादा अलग नहीं लगा। उन्होंने माना, 'मैं लगभग भूल जाती हूँ कि मैं शादीशुदा हूँ,' और कहा कि शादी से पहले उनकी बस यही कंडीशन थी कि सब कुछ पहले जैसा ही रहे। मथियास बो, एक मशहूर डबल्स स्पेशलिस्ट और ओलंपिक मेडलिस्ट, भले ही किसी दूसरे देश से हों, लेकिन तापसी के लिए ज्योग्राफी से ज़्यादा कम्पैटिबिलिटी मायने रखती थी।

**मथियास बो को 'द वन' क्या बनाता था?**

तापसी के मुताबिक, यह उनका सहज होना था। कोई इमोशनल बोझ नहीं था, कोई ऑब्लिगेशन की भावना नहीं थी। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि वह कभी नहीं चाहती थीं कि शादी को पहचान में बदलाव जैसा महसूस हो। उन्होंने कहा कि अगर माहौल बदल गया, तो इसे फॉर्मल बनाने का कोई मतलब नहीं होगा। कपल ने 2023 में शादी कर ली।

**क्या उनके बीच हमेशा सीरियस रिश्ता था?**

तापसी ने कहा, शुरू में नहीं। उन्होंने मज़ाक में कहा कि उन्होंने एक विदेशी को अपने प्यार में डालने और मेडल लेकर भारत आने की 'प्लानिंग और प्लॉटिंग' की थी। मज़ाक से हटकर, उन्होंने साफ़ किया कि दोनों ने प्रैक्टिकल तरीका अपनाया। उन्होंने सच में एक-दूसरे का साथ एन्जॉय किया और आगे इन्वेस्ट करने का फैसला तभी किया जब उन्हें लगा कि इस बॉन्ड में लॉन्ग-टर्म पोटेंशियल है – खासकर लॉन्ग-डिस्टेंस रिलेशनशिप की चुनौतियों को देखते हुए।

**उन्होंने लॉन्ग-डिस्टेंस रिलेशनशिप को कैसे हैंडल किया?**

तापसी ने माना कि अलग-अलग देशों में रिश्ता बनाए रखना आसान नहीं है, लेकिन रियलिस्टिक होने से मदद मिली। शादी का फैसला तभी आया जब उन्हें यकीन हो गया कि यह कोशिश इसके लायक है।

**तापसी के लिए आगे क्या है?**

प्रोफेशनली, तापसी अभी भी बिज़ी हैं। उनकी लेटेस्ट फ़िल्म अस्सी में वह एक ज़बरदस्त कहानी पेश कर रही हैं, जिसमें सोशल कमेंट्री के साथ शार्प कैरेक्टर वर्क का मेल है – एक ऐसी जगह जिसे उन्होंने इतने सालों में आराम से अपना बना लिया है। स्क्रीन पर हो या स्क्रीन के बाहर, तापसी क्लीशे के बजाय क्लैरिटी पसंद करती हैं और शायद यही बात सब कुछ कहती है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप



Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरैपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

## भदोही समाचार

### त्योहारों पर अफवाह फैलाने वालों पर करें कार्रवाई : आईजी

**ज्ञानपुर।** पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अफसरों की बैठक हुई। इसमें आगामी पर्वों को सकुशल तरीके से संपन्न कराने पर जोर दिया गया। महिला पुलिसकर्मियों की गश्त बढ़ाने के लिए मिशन शक्ति केंद्रों पर 10 नई स्कूटी दी गई। अफवाह फैलाने पर सख्ती से निपटने का निर्देश थाना प्रभारियों को दिया। आईजी ने होली त्योहार में हुड़दंगियों, जबरन रंग लगाने वालों और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने, संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग बढ़ाने, ड्रोन से निगरानी और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिया। थानों में मिशन शक्ति केंद्र पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को 10 नई स्कूटी आवंटित की गई। यह कदम विशेष रूप से महिला पुलिस द्वारा एंटी-रोमियो स्क्वाड और महिला बीट प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाया गया है, जिससे गश्त में तेजी आ सके। अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस को लगातार सक्रिय रहने के लिए कहा गया। हत्या, लूट और डकैती जैसी घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करेंगे। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिले में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने और उन्हें पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ने के निर्देश भी दिए गए।

## सुल्तानपुर समाचार

### वाहन की चपेट आने से ट्रैक्टर चालक की मौत

**अखंडनगर।** हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर ताजुद्दीनपुर बाजार के पास बृहस्पतिवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार जफरपुर निवासी राज बहादुर पांडेय (52) की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सड़क के किनारे राज बहादुर पांडेय घायल अवस्था में पड़े मिले। कुछ दूरी पर उनकी क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी थी। उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत का पता चलने के बाद परिवार में चीख-पुकार मची है। परिजनों ने बताया कि देर शाम राज बहादुर घर से राहुलनगर बाजार कुछ सामान लाने के लिए निकले थे। वह ट्रैक्टर चलाते थे। उनके दो पुत्र, तीन पुत्रियां हैं।

## चंदौली समाचार

### रात में खाना खाकर सोया, सुबह कमरे में अधजला मिला लैब टेक्नीशियन का शव



**चंदौली।** जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 राजीव नगर में बृहस्पतिवार की रात खाना खाकर कमरे में सो रहे निजी अस्पताल के लैब टेक्नीशियन उत्तम विश्वकर्मा की आग में झुलसने से मौत हो गई। सुबह आसपास के लोगों ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आग लगने की वजह का पता नहीं चल सका। वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र के भीटी के रहने वाले उत्तम विश्वकर्मा चंदौली नगर के एक निजी अस्पताल में लैब टेक्नीशियन थे। वह राजीव नगर वार्ड में किराये के कमरे में रहते थे। स्थानीय चिंटू कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात को खाना खाने के बाद उत्तम किराये के कमरे में सोने के लिए चले गए। शुक्रवार को काफी देर बाद तक कमरा नहीं खुलने पर लोगों ने खिड़की के अंदर झांककर देखा। कमरे के अंदर उत्तम का अधजला शव पड़ा था। लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला।

## बलिया समाचार

### कलेक्ट्रेट में सभी फाइलें होंगी डिजिटल

**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की कार्य प्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। फालतू अलमारियों को हटाने के निर्देश भी दिए। फाइलों की स्कैनिंग कर सॉफ्ट कॉपी तैयार करने के निर्देश दिए। आवश्यकतानुसार स्कैनर मशीन खरीदने को कहा।

नई फाइलों को भी अनिवार्य रूप से स्कैन कर डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने पर जोर दिया। फाइल मंगाकर जांच की और निर्देश दिया कि फाइलों में धूल न जमे, नियमित साफ-सफाई हो। पुरानी एवं निष्प्रयोज्य फाइलों को अभिलेखागार में भेजने तथा बेकार फाइलों को हटाने के निर्देश दिए।

## गोरखपुर समाचार

### उधारी से परेशान शिक्षक ने की खुदकुशी



**गोरखपुर।** गुलरिहा क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज नहर रोड स्थित मकान में एक शिक्षक ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कृष्ण मोहन सिंह (38) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि कृष्ण मोहन सिंह मूलरूप से कुशीनगर के रहने वाले थे। वह तीन भाइयों में बीच के थे और अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को छोड़ गए हैं। दुर्घटना के बाद से स्कूल नहीं जा पा रहे थे। परिजनों के अनुसार कुछ समय पहले हुई एक दुर्घटना में उनके पैर में गंभीर चोट लग गई थी। इसके कारण वह करीब दो साल से स्कूल नहीं जा पा रहे थे। इसी दौरान आर्थिक परेशानी और कर्ज का दबाव बढ़ता गया। परिवार के लोगों का कहना है कि मानसिक तनाव के चलते वह पहले भी खुदकुशी का प्रयास कर चुके थे। घटना के बाद पुलिस को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद मोहल्ले में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोग परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं।

## गाजीपुर समाचार

### सीढ़ी पर पैर फिसलने से गिरे किसान की मौत

**रेवतीपुर।** थाना क्षेत्र के अठहठा गांव में शुक्रवार की सुबह सीढी पर चढते समय पैर फिसलने से गिरकर किसान मुकेश यादव (30) की मौत हो गई। थानाध्यक्ष राजू दिवाकर ने बताया कि गांव निवासी अवधेश यादव ने तहरीर देकर जानकारी दी कि मुकेश यादव दो भाइयों में छोटे थे और घर पर रहकर खेती-बाड़ी का काम करते थे।

बृहस्पतिवार को मुकेश यादव मांगलिक कार्यक्रम के सिलसिले में उतरौली स्थित फूफा मुन्ना यादव के घर गए थे, जहां से मिठाई बनवाकर वह शुक्रवार सुबह घर लौटे थे।

घर पहुंचने के बाद वह छत पर सोने के लिए सीढ़ी से ऊपर चढ़ रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह आंगन में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## मऊ समाचार

### रमजान के पहले जुमा पर रोजेदारों ने अदा की नमाज



**मऊ।** रमजान के पहले जुमा शुक्रवार को नगर सहित जिले के विभिन्न इलाकों के मस्जिदों में भारी संख्या में रोजेदारों ने पहले जुमे की नमाज अदा की। नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने खाद्य सामग्री और फलों की जमकर खरीदारी भी की। इस दौरान मस्जिदों के पास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। नगर क्षेत्र के शाही मस्जिद, खीरीबाग, रघुनाथपुरा, रौजा, मलिकटोला, औरंगाबाद, मिर्जाहादीपुरा, हट्ठीमदारी, बुलाकीपुरा, रघुनाथपुरा, डोमनपुरा, मलिकटोला, धोबिया इमिली सहित विभिन्न मस्जिदों में रोजेदारों ने रमजान माह के पहले जुमे की नमाज अदा की। सबसे ज्यादा भीड़ नगर के शाही कटरा मैदान स्थित शाही मस्जिद में रही। मुंशीपुरा, मिर्जाहादीपुरा, चौक, औरंगाबाद, घास बाजार सहित मुहम्मदाबाद गोहना, घोसी, मधुबन, चिरैयाकोट, घोसी सहित प्रमुख बाजारों में चहल पहल देखी गई। रोजेदारों ने अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी की। मधुबनः रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में खास रौनक देखी गई। तहसील क्षेत्र के दरगाह, सिपाह, बीबीपुर, दुबारी, फतेहपुर और मर्यादपुर सहित विभिन्न गांवों में रोजेदारों की भीड़ उमड़ी। रोजेदारों ने अपनी-अपनी मस्जिदों में दो रिकात नमाज फर्ज जुमा अदा की।

जामा मस्जिद दरगाह के इमाम मौलाना महबूब आलम शमशी ने बताया कि रमजान बरकत और रहमतों का महीना है। इस दौरान की जाने वाली हर इबादत का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि रोजा हर उस मुसलमान पर फर्ज है, जो बालिग, अकलमंद और तंदुरुस्त हो।

यह इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक अहम स्तंभ है और पुरुषों व महिलाओं दोनों के लिए अनिवार्य इबादत है।

मौलाना ने बताया कि रमजान में पांच वक्त की नमाज, तरावीह की नमाज, कुरान की तिलावत, जकात व सदका देना तथा सादगी के साथ इफ्तार करना प्रमुख इबादतों में शामिल है।

## आजमगढ़ समाचार

### नवविवाहिता ने दुपट्टे के फंदे से लटक कर दी जान

**बलरामपुर।** महराजगंज थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव में नवविवाहिता प्रियंका यादव (25) ने घर में कटरेन के कमरे में पाइप में दुपट्टे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतका का विवाह एक वर्ष पूर्व हुआ था, उसका पति बेंगलुरु में काम करता है। परिजन के अनुसार, बृहस्पतिवार की शाम करीब 4:30 बजे प्रियंका की ननद अंजू स्कूल से घर लौटी। घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। उसने अपनी भाभी को आवाज लगाई पर कोई उत्तर नहीं मिला। इस पर उसने खिड़की से झांककर देखा तो कटरैन के कमरे में लगी पाइप से उसकी भाभी दुपट्टे के सहारे लटकती हुई दिखी।

इस पर अंजू ने शोर मचाया तो घर के अन्य सदस्य और अगल-बगल के लोग मौके पर पहुंचे और मामला देखकर सन्न रह गए। लोग किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे तो प्रियंका के शरीर से जान निकल चुकी थी।

## मीरजापुर समाचार

### कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की सुनी समस्याएं



**मीरजापुर।** जन समस्याओं को अधिक से अधिक निस्तारण व फरियादियों को न्याय दिलाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में आए हुए फरियादियो की जन समस्याओं को सुनने के दौरान निर्देशित किया कि सभी अधिकारी आने वाले जनता की समस्याओं को सुनकर, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीड़ितो की समस्याओं को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि इनकी समस्याओं को सुनते हुये तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करायें। यदि आवश्यकता हो तो मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण भी करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर संजीव यादव उपस्थित रहें।

## देवरिया समाचार

### 24 फरवरी को सजेगा 'रोजगार महोत्सव' का मंच, 15 से अधिक कंपनियां देंगी रोजगार

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में 24 फरवरी को जनपद में एक भव्य रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में सीधे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य शोभनाथ ने बताया कि महोत्सव में देश-प्रदेश की 15 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां आएंगी। विभिन्न क्षेत्रों जैसे आईटी, मैन्युफैक्चरिंग एवं सेवा क्षेत्र में हजारों रिक्त पदों पर युवाओं का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई तथा कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल एवं समस्त शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ इसमें हिस्सा कर सकते हैं।

## जौनपुर समाचार

### हिंदी का पेपर खराब होने पर हाईस्कूल की छात्रा ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान



**मीरगंज।** थाना चौकी कला गांव निवासी हाईस्कूल की छात्रा गरिमा जैसवार (15) हिंदी का प्रश्नपत्र खराब जाने से शुक्रवार को जंघई फाटक से 200 मीटर दूर ट्रैक किनारे साइकिल खड़ी कर एजे पैसेंजर ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची जीआरपी जंघई ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मीरगंज थाना चौकी कला गांव निवासी सुरेश जैसवार की बेटी गरिमा आरडी मेमोरियल मॉर्डन कॉन्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज जंघई की हाईस्कूल छात्रा थी। उसका कॉलेज यूपी बोर्ड से संबद्ध था। उसका सेंटर श्रीदेवी प्रसाद इंटर कॉलेज पिलखिनी जंघई गया। शुक्रवार सुबह गरिमा 7 बजे घर से साइकिल से सामाजिक विज्ञान का परीक्षा देने के लिए निकलीं। वह जंघई फाटक से 200 मीटर पूरब तरफ ट्रैक के बगल साइकिल खडी करके जौनपुर से प्रयागराज जा रही एजे पैसेंजर ट्रेन के सामने कूद गई। सूचना मिलने पर मीरगंज, सराय ममरेज की पुलिस, आरपीएफ जंघई और जीआरपी जंघई मौके पर पहुंची। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

छात्रा की मौत की सूचना मिलने पर मौके पर परिजन भी पहुंच गए। चचेरे चाचा राजेश ने बताया की बुधवार को हिंदी का पेपर अच्छा नहीं हुआ।

गरीमा ने बताया कि उसके तीन प्रश्न छूट गए। इस बात पर गरिमा तनाव में थी। जीआरपी जंघई प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजन का कहना है कि पेपर खराब होने से छात्रा तनाव में थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**अदालती नोटिस ज्ञानपुर**
सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
अदालत श्रीमान् सिविल जज जू.डि. द्वितीय भदोही,ज्ञानपुर।
मु.नं. 1259 दी. वर्ष 2022
इन्द्रलाल सिंह बनाम अनन्त बहादुर सिंह आदि
1.पूजा पुत्री अनन्त बहादुर सिंह निवासी ग्रा. छेछुआ ता.कोढ़ तहसील ज्ञानपुर जनपद-भदोही।
दरगाह मैं आपके नाम एक नालिश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18-4-26 ई. बवक्त 10बजे अदालत या मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और गमरारा अरूर मुतालिबा का दावा करें और आपकी जवाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजबूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको सकसूर और रहेगा। शख्स मेरे हस्ताक्षर और मुहर अदालत के आज दिनांक माह सन् 26 ई0 को जारी किया गया।
**आज्ञा से- सिविल जज जू.डि. द्वितीय भदोही, ज्ञानपुर।**

**अदालती नोटिस ज्ञानपुर**
सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
अदालत श्रीमान् अपर सिविल जज सी.डि. द्वितीय ज्ञानपुर- भदोही।
मु.नं.मूलवाद सं.53 सन् 1998
महेन्द्र प्रताप सिंह बनाम आशा राम आदि
17/1. सुमन देवी उम्र त.48साल पत्नी शशिकान्त सिंह नि.माधोपट्टी पो. कचगाँव जनपद जौनपुर हा.मु.वघेल छावनी गोपीगंज भदोही, 17/2.श्रीमती कामनी देवी उम्र त.45 साल पत्नी डी.सी. रजवार नि.रानीखेत उत्तरांचल हा.मु. बघेल छावनी गोपीगंज भदोही, 18.उमेश कुमार सिंह उम्र त.38 साल, 19.राजेश कुमार सिंह उम्र 35 साल पुत्रगण स्व. नागेश्वर प्रसाद सिंह, 20.दीपेन्द्र कुमार सिंह उम्र त.22 साल पुत्र स्व.गोपाल प्रसाद सिंह समस्त निवासीगण बघेल छावनी गोपीगंज ता.कोढ़ त. ज्ञानपुर जनपद भदोही।
दरगाह मैं आपके नाम एक नालिश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25-02-26 ई. बवक्त 10बजे अदालत या मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और गमरारा अरूर मुतालिबा का दावा करें और आपकी जवाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजबूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको सकसूर और रहेगा। शख्स मेरे हस्ताक्षर और मुहर अदालत के आज दिनांक माह सन् 26 ई0 को जारी किया गया।
**आज्ञा से- अपर सिविल जज सी.डि. द्वितीय ज्ञानपुर- भदोही।**

**अदालती नोटिस ज्ञानपुर**
सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
अदालत श्रीमान् सिविल जज (जू.डि.) भदोही।
मु.नं. 251 दी0 सन् 2025
अब्दुल रब बनाम फरीदवेग
1.आरिफ अन्सारी पुत्र अनवर अन्सारी, 2.मो. फैसल अन्सारी बालिग पुत्र अनवर अन्सारी बजरिये मुक्तारेआम आरिफ अन्सारी पुत्र अनवर अन्सारी, 3.आविद अन्सारी वालिग पुत्र अनवर अन्सारी बजरिये मुक्तारेआम आरिफ अन्सारी पुत्र अनवर अन्सारी, 4.सुल्ताना अन्सारी बालिग पत्नी अनवर अन्सारी बजरिये मुक्तारेआम आरिफ अन्सारी पुत्र अनवर अन्सारी समस्त निवासीगण ग्राम बरही नेवादा परगना पन्द्रह तहसील पिण्डरा जि. वाराणसी।
दरगाह मैं आपके नाम एक नालिश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 9-3-26 ई. बवक्त 10बजे अदालत या मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और गमरारा अरूर मुतालिबा का दावा करें और आपकी जवाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजबूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको सकसूर और रहेगा। शख्स मेरे हस्ताक्षर और मुहर अदालत के आज दिनांक माह सन् 26 ई0 को जारी किया गया।
**आज्ञा से- सिविल जज ( जू.डि. ) भदोही।**

## सोनभद्र समाचार

### भारत का राष्ट्रीय ध्वज, भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिरूप-जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री बी0 एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज, भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिरूप है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के लिए प्रेम, आदर और निष्ठा है, यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। भारतीय झंडा संहिता, 2002 को 30 दिसंबर, 2021 के आदेशानुसार संशोधित किया गया और पॉलिएस्टर के कपड़े से बने एवं मशीन द्वारा निर्मित राष्ट्रीय ध्वज की अनुमति दी गयी। अब व्यवस्था है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बुने हुए या मशीन द्वारा निर्मित, सूती/पॉलिएस्टर/ऊनी/सिल्क/खादी के कपड़े से बनाया गया हो। कोई भी व्यक्ति, कोई भी गैर सरकारी संगठन अथवा कोई भी शिक्षा संस्था राष्ट्रीय झंडे को सभी दिनों और अवसरों, औपचारिकताओं या अन्य अवसरों पर फहरा/प्रदर्शित कर सकता है, बशर्ते राष्ट्रीय झंडे की मर्यादा और सम्मान का ध्यान रखा जाये। भारतीय झंडा संहिता, 2002 को 20 जुलाई,2022 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया।

**अदालती नोटिस ज्ञानपुर**
न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय भदोही।
नु.मु.18प्रकीर्ण/रस्टोरेशन सन 025
मूलवाद सं.-272 विवाह विच्छेद सन् 22
मुकेश कुमार उपाध्याय बनाम मधु तिवारी
एक पक्षीय निर्णय दि.4-1-024
मधु उपाध्याय उर्फ शब्या उम्र लगभग 32 वर्ष पत्नी मुकेश कुमार उपाध्याय नि.डूहिया पो.करियाव थाना भदोही जि.भदोही पुत्री ओंकार तिवारी नि.भुइली पो. भदेवरा थाना गौरा बादशाहपुरजि.जौनपुर... रेस्टोरेशनकर्ती बनाम मुकेश कुमार उपाध्याय उम्र लग.36 वर्ष पुत्र हंसराज उपाध्याय निवासी डूहिया पो. करियाव जि.भदोही।...विपक्षी
हरगाह मैं आपके नाम नालिश दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख ता.पेशी 27.4.26 ई. बवक्त बजे दिन असमाअत या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई दाखिल किया हो और जो कुछ उमूर मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो कि जवाब ऐसा सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब करे और आपको लाजिम हो कि उसी रोज जमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बतारीख अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों।आपको इत्तिला दी जाती है अगर मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समसू और होगा। बसख्स मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 26 ई.जारी किया गया हो।
**आज्ञा से- प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय भदोही ।**

**अदालती नोटिस ज्ञानपुर**
इत्तिलानामा बनाम रेस्पान्डेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख के जो अमानत अपील के लिए मुकर्रर की जाय
आर्डर 41 कावायद 14
बअदालत जिला न्यायाधीश भदोही ज्ञानपुर।
नं.मु.81 सिविल प्रकीर्ण सन् 2024
शिवनाथ आदि बनाम उमा प्रसाद आदि
2.अजय उम्र 42 वर्ष पुत्र स्व. द्वारिका प्रसाद नि.कुरमैचा त.ज्ञानपुर ता.कोढ़ जि.भदोही, 4.राम प्रताप उम्र 36 वर्ष पुत्र स्व. द्वारिका प्रसाद नि.कुरमैचा ता. कोढ़ त.ज्ञानपुर जि. भदोही, 5.बसन्ती देवी उम्र 67 वर्ष पत्नी स्व. द्वारिका प्रसाद नि.कुरमैचा ता.कोढ़ त.ज्ञानपुर जि. भदोही, 9.सुर्यलाल उम्र 45 वर्ष पुत्र साहबलाल नि.कुरमैचा ता.कोढ़ त. ज्ञानपुर जि. भदोही, 10.सिरताजी देवी उम्र 66 वर्ष पत्नी साहबलाल नि. कुरमैचा ता.कोढ़ त.ज्ञानपुर जि. भदोही, 13.बेचन उम्र 48 वर्ष पुत्र हुबलाल नि.कुरमैचा ता.कोढ़ त. ज्ञानपुर जि. भदोही, 14.सोचन उम्र 45 पुत्र हुबलाल नि.कुरमैचा ता.कोढ़ त.ज्ञानपुर जि. भदोही, 16.चन्दू उम्र 38 वर्ष पुत्र लालता नि.कुरमैचा ता.कोढ़ त.ज्ञानपुर जि.भदोही, 17.बुद्धु उम्र 60 वर्ष पुत्र बबउ नि.कुरमैचा ता.कोढ़ त. ज्ञानपुर जि.भदोही, 18.सुद्धु उम्र 55 वर्ष पुत्र बबउ नि.कुरमैचा ता.को. त.ज्ञानपुर जि. भदोही, 19.शिवचरन उम्र 48 वर्ष पुत्र श्यामधर नि.कुरमैचा ता.कोढ़ त. ज्ञानपुर, जि.भदोही, 20. कालीचरन उम्र 42 वर्ष पुत्र श्यामधर नि.कुरमैचा ता. कोढ़ त.ज्ञानपुर, जि.भदोही, 23.संतोष उम्र 47 वर्ष पुत्र रामसजीवन नि. कुरमैचा ता.कोढ़ त.ज्ञानपुर जि.भदोही, 24.योगेन्द्र उम्र 20 वर्ष पुत्र केशवधर नि.कुरमैचा ता.कोढ़ त.ज्ञानपुर जि. भदोही, 25.नागेन्द्र उम्र 27 वर्ष पुत्र केशधर नि.कुरमैचा ता.कोढ़ त.ज्ञानपुर जि. भदोही, 26.रामप्यारे उम्र 50 वर्ष पुत्र केशधर नि.कुरमैचा ता.को.त.ज्ञा. जि.भदोही, 27.पुष्पा देवी उम्र 50 वर्ष पत्नी जयनरायन नि.लालपुर त.हडिया जि. प्रयागराज, 28.सरोजा देवी उम्र 48 वर्ष पत्नी विनय कुमार नि.कनकपुर त.ज्ञा.जि.भदोही, 29.निर्मला देवी उम्र 44 वर्ष पत्नी बनारसी नि.संसारीपुर त.हडिया जि.प्रयागराज, 31.लालचन्द उम्र 46 वर्ष पुत्र स्व.रामआसरे नि.कुरमैचा ता.को.त.ज्ञा.जि.भदोही, 36.भूइधर उम्र 55 वर्ष पुत्र रूपधर नि.कुरमैचा ता.को.त.ज्ञा.जि.भदोही, 37.जोबन उम्र 62 वर्ष पुत्र मेहींलाल नि.कुरमैचा ता.को.त.ज्ञा.जि.भदोही, 39.तेजबलि उम्र 55 वर्ष पुत्र मेहींलाल नि.कुरमैचा ता.को.त.ज्ञा.जि.भदोही, 40.मेघनाथ उम्र 50 वर्ष पुत्र मेहींलाल नि.कुरमैचा ता.को.त.ज्ञा.जि.भदोही, 41.गुलाबी देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी सुर्यनाथ नि.लालापुर त.हडिया प्रयागराज, 42.अनारा देवी उम्र 52 वर्ष पत्नी भारत पुत्री विन्ध्यवासिनी नि.मदनपुर त.ज्ञानपुर जि.भदोही।
अपील बनारजी
मुबारिखा माह सन् 200ई.
बमुकदमा नं. सन् 200 ई.
ता.पेशी- 5-3-26ई.
मुत्तिला हो कि अपील बनारजी डिगरी मुकदमा दीवानी नं. सन् में मुसम्मी ने पेश किया और इस अदालत से दर्ज रजिस्टर हुआ। अदालत में तारीख वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर आप खुद या आपका वकील या कोई शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में सवाल जवाब करने का मजाज हो हाजिर न आवेगा जो उनकी समाअत और तजवीज आपकी गैर हाजिर में की जायेगी। आप तारीख माह सन् ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के जारी किया गया। तजवीज अगर अजराय डिगरी के मुल्तवी होने का हुक्म हुआ तो उनकी इत्तिला इस इत्तिला नामों में लिखना चाहिए।
**आज्ञा से- जिला न्यायाधीश भदोही-ज्ञानपुर।**

## प्रयागराज समाचार

### कालिंदी एक्सप्रेस के जनरल कोच की खिड़कियों से रेलिंग गायब

**प्रयागराज।** रेलवे एक तरफ हाईस्पीड और आधुनिक कोच का दम भर रही है, वहीं प्रयागराज से डॉ. अंबेडकरनगर एवं हरियाणा के भिवानी जाने वाली कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच यात्रियों के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं।


ट्रेन में चमचमाते एलएचबी रेक तो लगा दिए गए हैं, लेकिन इसके जनरल कोच की अधिकांश खिड़कियों से सुरक्षा की 'रेलिंग' ही गायब है। हालात यह है कि बिना रेलिंग की खिड़कियां चोरों




को दावत दे रही हैं। रेलिंग न होने से छोटे बच्चों के भी बाहर गिरने का खतरा रहता है। ट्रेन में लगे कोच (255948/सी) की कुल 20 में से 13 खिड़कियों में एक भी रेलिंग नहीं है। चार आपातकालीन खिड़की को जोड़ लें तो यह संख्या 17 हो जाती है।रेलवे के नियमों के मुताबिक, केवल आपातकालीन खिड़की (इमरजेंसी विंडो) पर ही रेलिंग नहीं होनी चाहिए लेकिन यहां तो पूरी बोगी ही 'आपातकालीन' स्थिति में नजर आ रही है। इसके अलावा एक अन्य कोच (255940/सी) में लगी 20 में से सात खिड़कियों की ही रेलिंग सही सलामत दिखी। बाकी अन्य गायब हैं या फिर उनकी रेलिंग टेढ़ी-मेढ़ी या मुड़ गई हैं।

## लाइफ मंत्र

### 24 फरवरी से शुरू होलाष्टक, नकारात्मक शक्तियों को घर से दूर रखने के लिए करें ये काम



हिंदू पंचांग के अनुसार होली से आठ दिन पहले शुरू होने वाला होलाष्टक का पर्व धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि इन आठ दिनों के दौरान ग्रहों की स्थिति उग्र रहती है, जिससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ सकता है। इसी कारण इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण जैसे शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। साल 2026 में होलाष्टक की शुरुआत 24 फरवरी 2026 से होगी और इसका समापन 3 मार्च 2026 को होलिका दहन के साथ होगा। आइए जानते हैं कि होलाष्टक के दौरान किन उपायों को करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और नकारात्मक शक्तियां दूर रहती हैं।

**होलाष्टक का धार्मिक महत्व**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलाष्टक के आठ दिन भगवान विष्णु भक्त प्रह्लाद की कथा से जुड़े हैं। कहा जाता है कि इन दिनों में दैत्यराज हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को कई प्रकार की यातनाएं दी थीं। इसलिए इन दिनों संवेदनशील और ऊर्जात्मक रूप से प्रभावशाली माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र में भी इस अवधि में ग्रहों के उग्र प्रभाव का उल्लेख मिलता है।

**होलाष्टक में करें ये उपाय**

**गंगाजल का छिड़काव और धूप-दीप**

होलाष्टक के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम घर में गंगाजल का छिड़काव करें। इससे घर का वातावरण शुद्ध और पवित्र बना रहता है। मान्यता है कि गंगाजल नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त कर सकारात्मकता बढ़ाता है। इसके अलावा गुग्गुल, लोबान या धूप जलाना भी शुभ माना जाता है। इससे घर की नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं और मानसिक शांति मिलती है।

**मुख्य द्वार पर हल्दी और कुमकुम**

घर के मुख्य प्रवेश द्वार पर हल्दी और कुमकुम का छिड़काव करना शुभ माना जाता है।

धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से बुरी शक्तियां घर में प्रवेश नहीं कर पातीं। यह उपाय घर में सकारात्मक ऊर्जा और सुख-शांति बनाए रखने में सहायक माना जाता है।